दिन–सोमवार दिनांक– 06 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

निर्वाचन आयोग आज बिहार विधानसभा चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा करेगा। इस संबंध में आयोग शाम चार बजे नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर रहा है। गौरतलब है कि कल ही आयोग की पूरी टीम चुनाव की तैयारियों का जायजा लेकर नई दिल्ली लौटी थी।

————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना मेट्रो रेल सेवा के पहले चरण का उद्‌घाटन किया। उन्होंने न्यू पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से भूतनाथ स्टेशन तक की यात्रा की। लगभग तीन दशमलव छह किलोमीटर लंबे एलिवेटिड मेट्रो कॉरिडोर के पहले चरण का नाम प्रायोरिटी कॉरिडोर दिया गया है। इस चरण में मेट्रो सेवाएं अंतरराज्यीय बस टर्मिनल से भूतनाथ स्टेशन तक संचालित होंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फरवरी दो हजार उन्नीस में मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया था। यात्रियों के लिए मेट्रो यात्रा कल से शुरू होगी। तीन डिब्बों वाली प्रत्येक मेट्रो में प्रति यात्रा लगभग नौ सौ यात्री बैठ सकते हैं। बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस को मेट्रो की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है।

————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत इक्कीस लाख महिलाओं को दस–दस हज़ार रुपये अंतरित किए। मुख्यमंत्री ने महिला लाभार्थियों के खातों में कुल दो हजार एक सौ करोड रुपये अंतरित किए। इस योजना के अंतर्गत तीसरी बार राशि लाभार्थियों के खाते में भेजी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छब्बीस सितंबर को नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस योजना का शुभारंभ किया था। बिहार में इस योजना के लिए एक करोड़ दस लाख से अधिक महिला लाभार्थियों का चयन किया गया है। ग्रामीण

विकास विभाग की इस योजना का उद्देश्य महिलाओं में उद्यमिता और स्वरोजगार को प्रोत्साहन देना है। यह योजना स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से चलाई जा रही है।

———————————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र और राज्य के अधिकतर हिस्सों में हुई भारी बारिश के बाद बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। कोसी नदी के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि के बाद सुपौल जिले के छह प्रखंड बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि सुपौल सदर, वसंतपुर, निर्मली, सरायगढ़–भपटियाही, किशनपुर और मरौना प्रखंड के एक हजार से अधिक घरों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। जिलाधिकारी सावन कुमार ने बताया कि प्रभावित लोगों को सुरक्षित निकाल कर ऊंचे स्थानों पर पहुंचाया गया है। बाढ़ प्रभावितों के लिए कई जगहों पर सामुदायिक रसोईघर संचालित किए जा रहे हैं। इधर, किशनगंज, अररिया और कटिहार जिले में भी कोसी और महानंदा नदी का पानी कई निचले इलाकों में फैल गया है। जोगबनी रेललाइन पर बाढ़ का पानी फैल जाने से रेल परिचालन बाधित हुआ है। दूसरी तरफ, सीतामढ़ी और शिवहर जिले में बागमती नदी का पानी कई निचले इलाकों में फैल रहा है।

———————————————————————————

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र के कमजोर पड़ने से राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज राज्य के पूर्वी, पश्चिमी और मध्य भागों के कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ मेघगर्जन और हल्की बारिश की संभावना है।

———————————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के मीठनपुरा थाना क्षेत्र के आदर्श नगर कॉलोनी में पानी भरे गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई।

———————————————————————————

नवादा जिले के गोविंदपुर थानाध्यक्ष बलबीर कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। थाना परिसर में हुए प्रदर्शन और पुलिस पर पथराव की घटना के बाद मगध रेंज के आईजी छत्रनील सिंह के आदेश पर यह कार्रवाई की गई।

———————————————————————————

शिवहर जिला आज अपना बत्तीसवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर जिला प्रशारन की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

———————————————————————————

समाप्त